न्यायालय अपर जिला जज कोर्ट नं0–1, मैनपुरी।

सिविल प्रकीर्ण वाद संख्या–50/2021,

प्रवेश भटनागर आदि – बनाम – आवाम

23.11.2021

पत्रावली पेश हुई। आज आदेश हेतु नियत है। आवेदकगण की तरफ से प्रस्तुत प्रार्थनापत्र कागज संख्या 4ग मय शपथपत्र 5ग, अन्तर्गत आदेश 9 नियम 4 जा0दी0 पर आवेदक अधिवक्ता को पूर्व तिथि पर सुना जा चुका है।

आवेदक का अपने प्रार्थनापत्र 4ग अन्तर्गत आदेश 9 नियम 4 जा0दी0 के माध्यम से कथन है कि प्रार्थी का एक वाद संख्या 262/2013 प्रवेश भटनागर बनाम आवाम न्यायालय में विचाराधीन था। मार्च 2020 में सम्पूर्ण भारत वर्ष में लॉकडाउन हो जाने के कारण न्यायालय बन्द होने की वजह से सभी कार्यवाही स्थगित हो गयी थी। प्रार्थी के अधिवक्ता द्वारा प्रार्थी से कहा गया था कि जब न्यायालय का कार्य सुचारू रूप से प्रारम्भ हो जायेगा तब प्रार्थी को सूचित कर दिया जायेगा, परन्तु माह जनवरी 2021 में जब कार्य सुचारू रूप से प्रारम्भ हुअ तब प्रार्थी के अधिवक्ता ऑखों में तकलीफ होने के कारण इलाज हेतु बाहर चले गये और मुकदमे में नियत तिथि की सूचना प्रार्थी को नहीं दे पाये। इसी दौरान प्रार्थी का उपरोक्त वाद दिनॉक 05.02.2021 को उभयपक्षों की अनुपस्थिति में खारिज हो गया है जिससे प्रार्थी की महान हकतल्फी एवं अपूर्णनीय क्षति है जबकि प्रार्थी को उपरोक्त मुकदमा जीतने की पूर्ण आशा है। अतः वाद संख्या 262/2013 प्रवेश भटनागर बनाम आवाम मूल नम्बर पर कायम किया जाकर गुणदोष पर निर्णीत किये जाने की याचना की गयी है। समर्थन में शपथपत्र 5ग2 दिया गया है।

पत्रावली का अवलोकन किया।

प्रकीर्ण वाद संख्या 262/2013 प्रवेश भटनागर आदि बनाम आवाम में पारित आदेश दिनॉक 02.05.2021 के अवलोकन से स्पष्ट है कि उपरोक्त प्रकीर्ण वाद आवेदक की अनुपस्थिति में खारिज किया गया था। प्रार्थनापत्र पुनर्स्थापन समय के अन्दर दिया गया है। आवेदक का कथन शपथपत्र से समर्थित है। अतः प्रकरण के उपरोक्त तथ्य एवं परिस्थितियों के प्रकाश में आवेदक की तरफ से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र 4ग अन्तर्गत आदेश 9 नियम 4 जा0दी0 स्वीकार किये जाने योग्य है।

आदेश

आवेदक की तरफ से प्रस्तुत प्रार्थनापत्र 4ग अन्तर्गत आदेश 9 नियम 4 जा0दी0 स्वीकार करते हुए प्रकीर्ण वाद संख्या 262/2013 प्रवेश भटनागर आदि बनाम आवाम में पारित आदेश दिनॉक 02.05.2021 अपास्त किया जाता है। उपरोक्त प्रकीर्ण वाद संख्या 262/2013, अपने मूल नम्बर पर पुनर्स्थापित हो।

(बी0बी0 यादव)
अपर जिला जज, कोर्ट नं0–1,
मैनपुरी।

Digitally signed by Bansh Bahadur Yadav
Date: 2021.11.25 17:47:16 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court Mainpuri